☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

18 अक्टूबर 2008 e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com अंक-298

website : www.internationalpioneers.org

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

Pioneerism A commitment to Humanity

पाय0 एल0 सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)

## आध्यात्मिक सम्मान से प्रभुदयाल तथा समाज सेवा के लिये बीडी पाण्डे को "शशी मेहरोत्रा सम्मान"

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी एवं गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में संक्षिप्त समारोह

समारोह में सम्मान कार्यक्रम पाय0 कपिल मेहरोत्रा के पिता स्व0 शशि महरोत्रा जी की स्मृति में आयोजित हुआ। उपरोक्त समारोह श्री एस0एम0 टण्डन की अध्यक्षता में आरम्भ किया गया। समारोह में रामनगर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, वृद्धों, प्रबुद्धजन तथा क्लब के सदस्यों-पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किये। आज 2 अक्टूबर पर ईद का पर्व भी है तथा सरकार द्वारा 'अहिंसा दिवस' घोषित किया गया है।



पाय0 बीडी पाण्डे को समाजसेवा के लिये स्व0 शशि मेहरोत्रा सामाजिक पुरस्कार से सम्मानित करते पाय0 कपिल मेहरोत्रा



श्री प्रभुदयाल को आध्यात्मिक सेवा के लिए स्व0 शशि मेहरोत्रा पुरस्कार से सम्मानित करते पाय0 संतोष मेहरोत्रा पाय0 पुनीत शर्मा

पाय0 पुनीत शर्मा ने सभा का आरम्भ करते हुए सर्वप्रथम सभा अध्यक्ष के माल्यार्पण हेतु अध्यक्ष पाय. संतोष मेहरोत्रा को आमंत्रित किया। तत्पश्चात् समस्त वरिष्ठ नागरिकों का माल्यार्पण किया गया। दुबई से आये पाय0 कपिल मेहरोत्रा को भी सम्मानित किया गया।



गोष्ठी को सम्बोधित करती पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री पाय0 धनेश्वरी घिन्डियाल

पाय0 पुनीत शर्मा ने बताया 2 अक्टूबर 1869 को महात्मा गाँधी का जन्म हुआ था तथा 2 अक्टूबर 1860 को श्रीमान् लालबहादुर शास्त्री का जन्म हुआ था। गाँधी जी के अहिंसावादी रूप को समस्त विश्व जानता है। पाश्चात्य देशों में वृद्धों को ओल्ड एज होम में भेजा जाता है। जहाँ उन्हें भत्ता, मकान व स्वास्थ्य सुविधा तो सम्पूर्ण मिलती है किन्तु स्नेह शून्य है। उनके अनुभवों से समाज को दिशा निर्देश मिलने के स्थान पर उन्हें एक तरफ पहुँचा दिया जाता है। जिससे समाज दिशाहीन हो गया है। लोग जब उस कटु स्थिति को भोगते हैं तब वे भारतीय संस्कृति में दिये गये वृद्धों के महत्व को समझते हैं। किन्तु तब तक देर हो चुकी होती है। सभा अध्यक्ष एस0एम0 टण्डन ने कहा संघर्ष, साधना, स्वाध्याय, स्वाभिमान, सामर्थ्य, पंचतत्व अक्षर 'स' में निहित है। आप शास्त्री निवास गये वहाँ सुनील शास्त्री जी से मुलाकात की। वहाँ वातावरण पूर्णत: सादगीपूर्ण था। पाश्चात्य लोग भारतीय सभ्यता को उत्तम मानते

शेष पृष्ठ 2 पर....

पाय0 केशव शिवहरे एडवोकेट-राष्ट्रीय अध्यक्ष, पाय0 संतोष मेहरोत्रा-राष्ट्रीय महासचिव, पाय0 बी0डी0 पाण्डे कोषाध्यक्ष

9415437860, 9897122394, 9411537351

पृष्ठ 1 का शेष....

# आध्यात्मिक सम्मान से प्रभुदयाल तथा समाज सेवा के लिये बीडी पाण्डे को...



गोष्ठी के उक्त अवसर पर भजन प्रस्तुत करते अपने सहयोगियों के साथ भजन गायक प्रदीप पूठिया




गोष्ठी को सम्बोधित करते आध्यात्मिक संत प्रभुदयाल जी

हैं। विदेश में बच्चे माँ बाप से दूर रहते हैं अत: एक सज्जन ने आप से इच्छा व्यक्त की कि अगला जन्म मुझे भारत में मिले।

वरिष्ठ धरणीधर शर्मा ने बताया कि हमारा देश अंहिसावादी है। हमारे शरीर में शक्ति होती है। इस शक्ति का उपयोग मानव कल्याण के लिए होना अहिंसा नहीं है। भारत में इस शक्ति के दुरूपयोग करने वाले को असुर मानते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के विषय में कहा कि भारत में संयुक्त परिवार में आज भी वरिष्ठ नागरिकों या वृद्धों का ही कहा माना जाता है। भारत की आश्रम प्रथा जग विख्यात है। आज पाश्चात्य सभ्यता भारतीय सभ्यता पर हमला कर रही है।

प्रसिद्ध भजन गायक प्रदीप पूठिया एवं सहयोगियों द्वारा प्रभु प्रार्थना व सत्संग, वाद्य यंत्रों के द्वारा किया गया। आपके द्वारा प्रस्तुत 'भला करो भगवान, सबका भला करो' भजन ने समस्त सभाजनों को ध्यानमग्न कर दिया। 'मेरी लगी श्याम संग प्रीत' एवं 'मेरे दाता के दरबार में सब लोगों का खाता' भेंटों ने उपस्थित वृद्ध जनों को भाव विभोर कर दिया। आपका सहयोग श्रीमान् गिरिश जी व सुशील जी ने किया।

महासचिव पाय0 संतोष मेहरोत्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए वृद्धों की स्थिति के विषय में बताया कि माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक अधिनियम भारत सरकार ने पास तो कर दिया किन्तु उत्तरांचल शासन ने लागू नहीं किया। मा0 पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी जी ने निर्देश दिये थे कि वरिष्ठ नागरिकों हेतु सीनियर सिटिजन ग्रिवीयेंश सैल बनें तथा डीएम उसके अध्यक्ष होंगे। किन्तु उस पर भी क्रियान्वय नहीं हुआ। वरिष्ठ नागरिक हिंसा के शिकार हो रहे हैं। उनके सम्मान पूर्वक जीवन यापन का प्रबन्धन आवश्यक है।

श्रीमती डा0 धनेश्वरी घिल्डियाल जी ने विचार रखे। आपने कहा कि पाय0 संतोष मेहरोत्रा जी क्लब को जीवित रखने हेतु बधाई के पात्र हैं। आज गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती, ईद व नवरात्र तथा वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस हेतु शुभकामनाऐं तथा वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस हेतु शुभकामनाऍं दीं। सरकार का रवैया ढीला है। सामाजिक तौर पर भी हम हट गये हैं। समाज कल्याण विभाग की मुखिया होने के नाते समाज की विभिन्न स्थितियों के साथ अनुभव कटु हैं। हम जैसा अपने बुजुर्गों से करते है वैसा ही व्यवहार हमारे बच्चे हमसे करते हैं।

सभा के समापन की ओर बढ़ते हुए श्रीमान् [illegible] जी को दुशाला ओढ़ाकर समाज को आध्यात्मिक सेवा के [illegible] को जागृत करने हेतु आप सदैव तत्पर रहेते हैं। आप बिना कि[illegible] राजनीति के निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते रहे हैं। उपरोक्त वि[illegible] पाय0 संतोष मेहरोत्रा जी ने व्यक्त किये तथा क्लब की ओर से आभार व्यक्त किया एवं शॉल भेंटकर सम्मान व्यक्त किया।

श्री प्रभुदयाल जी ने कहा कि क्लब रामनगर के गरीबजनों की सहायता हेतु तत्पर है तथा विशेषत: संतोष मेहरोत्रा जी इसके लिए बधाई पात्र हैं। गांधी जी इंग्लैण्ड से वकालत करके लौटे तो धोती पहने हुए थे। फिर भी उन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। आज स्विस बैंक गांधीवादी नेताओं के घर से भरे पड़े हैं। आपने घोषणा कीकि यदि कोई सहायता का पात्र है तो मैं निजी रूप से उसकी सहायता को तैयार हूं। आपने रामायण की चौपाईयां सुनाकर सभा को भावविभोर कर दिया।

पाय0 बीडी पाण्डे जी को दुशाला ओढ़ाकर उत्तम समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। आप सेवा समिति, गर्जिया मंदिर समिति व पायनियर्स क्लब तथा वरिष्ठ नागरिक संगठन मानव अधिकार संगठन के माध्यम से लगातार उत्तम समाज सेवा कर रहे हैं। पाय0 बीडी पाण्डे जी ने 2 अक्टूबर के पावन पर्व पर कहा कि गुण ग्रहण करें अवगुण त्यागें आपने गांधी जी व शास्त्री जी के चरित्र का बखान किया। गरीब वृद्धों को चिन्हित करें। सभा का अंत राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सभा में कोषाध्यक्ष पाय0 पंकज कुमार बंसल एवं उपसचिव राजा चड्ढा के सक्रिय सहयोग के लिए सराहना की गयी। मुरादाबाद के वरिष्ठ नागरिक एचबी पाण्डे, रामनगर के आरएस रावत, टी पाण्डे, शम्भूदत्त तिवारी, एमएस नेगी, डा. एसएन टण्डन, धरनीधर शर्मा दीनानाथ चावला को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

खत्री सभा में आयोजित इस कार्यक्रम में खत्री सभा के सचिव शरद मेहरोत्रा के अतिरिक्त बृजकिशोर चन्द्रा, हरिमोहन अरोड़ा, पाय0 हरीश चन्द्र घिल्डियाल, केके मेहरोत्रा ने भी अपने विचार रखे।

# विभिन्न पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष, सचिव, संयोजक

| स.क्र. | पद | नाम | पता | मोबाइल नं0 |
|---|---|---|---|---|
| | | | **कर्वी चित्रकूट** | |
| 132 | राष्ट्रीय | पाय0 केशव प्रसाद शिवहरे | शंकर बाजार, कर्वी, चित्रकूट-210205 | 9415437860 |
| 197 | सचिव | पाय0 अजय अग्रवाल | अजय मेडिकल स्टोर, स्टेशन रोड, कर्वी, चित्रकूट | |
| | | | **रामनगर** | |
| 01 | अध्यक्ष | पाय0 संतोष कुमार मेहरोत्रा | वंशी भवन, नन्दा लाइन, रामनगर (नैनीताल) | 9897122394 |
| 121 | सचिव | पाय0 पुनीत शर्मा | रानीखेत रोड, रामनगर (नैनीताल) | 9927522454 |
| | | | **मुरादाबाद** | |
| 293 | अध्यक्ष | पाय0 एससी अरोरा | बी640/5 लाजपत नगर, मुरादाबाद | 9410612132 |
| | सचिव | पाय0 एच0एन0 धवन | पुजेरी गली, मंडी चौक, मुरादाबाद | 9927145849 |
| | | | **हापुड़ आस्था** | |
| 2174 | अध्यक्ष | पाय0 अनिल सेवाल | 118 आर्यानगर, हापुड़ | 9837004625 |
| | सचिव | पाय0 सचिन जिन्दल | 143 बरही मौहल्ला, हापुड़ | 9837313131 |
| | | | **हापुड़ साहित्य ललित कला मंच, हापुड़** | |
| 287 | अध्यक्ष | पाय0 अविनाश बब्बर | अविनाश एग्रीकल्चर स्टोर, आर्यानगर, हापुड़ | 09758803082 |
| | सचिव | पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' | 165-न्यू आर्यानगर, हापुड़ (उ0प्र0) | 09927862727 |
| | | | **गाजियाबाद** | |
| 288 | अध्यक्ष | पाय0 के0पी0 सिंह(एडवोकेट) | वकील चेम्बर नं0-653, गाजियाबाद | 9810198281 |
| | सचिव | पाय0अरविन्द तोमर(एडवोकेट) | सचिव नै.न.381 सिविल कोर्ट गाजियाबाद | 9868757806 |
| | | | **दिल्ली ईस्ट** | |
| 207 | अध्यक्ष | पाय0 सुनील जायसवाल | 27/117 गली नं.6 पांडव रोड, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली-32 | 9312262101 |
| 240 | सचिव | पाय0मनीष तायल | 478, तेलीबड़ा, शहादरा, दिल्ली-32 | 98117401940 |
| | | | **जबलपुर** | |
| 313 | अध्यक्ष | पाय0 संजय अग्रवाल | 25111, 2 पत्रकार कालोनी, रविलाल चौक, जबलपुर | 0982706488 |
| 256 | सचिव | पाय0 नीरज अग्रवाल | 25111, 2 पत्रकार कालोनी, रविलाल चौक, जबलपुर | 0924511450 |
| | | | **लखीमपुर खीटी** | |
| 158 | अध्यक्ष | पाय0 अतुल कुमार गुप्ता | अतुल मशीनरी स्टोर्स मेन रोड, लखीमपुर खीरी | |
| 159 | सचिव | पाय0 नीरा जायसवाल पत्नी शैलजा जायसवाल, | वैशाली इलैक्ट्रानिक्स मेन रोड, लखीमपुर खीरी | |
| | | | **हापुड़** | |
| 249 | अध्यक्ष | पाय0 डा0 अशोक गुप्ता | ए-826 संजय विहार, मेरठ रोड, हापुड़-245101 | 9410649309 |
| 205 | सचिव | पाय0 रवीन्द्र सिंघल | 1960 पत्रापुरी, 112 रोड, हापुड़ | 9837114727 |
| | | | **दिल्ली** | |
| 38 | अध्यक्ष | पाय0 अशोक कुमार सर्राफ | 306/307 बड़ा ठाकुरद्वारा, शहादरा, दिल्ली-32 | 9810021122 |
| 99 | सचिव | जयगोपाल गुप्ता, | 77सी-9/1,गली नं. 4, मुकेश नगर, सरकुला रोड, पुराना रामलीला मैदान शाहदरा, दिल्ली32 | 9810458436 |
| | | | **संयोजक** | |
| 267 | आगरा | पाय0 राजीव महाजन | ई 39, न्यू आगरा-5 | |
| 101 | कानपुर | पाय0 गिरीश कुमार त्रिपाठी | 127/258 पू0 ब्लाक निराला नगर, कानपुर 14 | |
| 213 | काशीपुर | पाय0 राजीव कपूर | न्यू जनरल सप्लाई एजेन्सी, बाजपुर रोड, काशीपुर (ऊधमसिंह नगर) | |
| 94 | जबलपुर | पाय0 वीरेन्द्र कुमार दुबे | 9-ब्रह्मपुरी हाउसिंग सोसाइटी, एमजी स्कूल के पीछे, गुप्तेश्वर | |
| 71 | बिजनौर | पाय0 मेदवीर सिंह तोमर | गेलागंज, नगीना, बिजनौर | |
| 117 | उड़ीसा | पाय0 एस0के0 ससमन | डायरेक्टर एस कन्सलटैन्सी एनबी टॉवर, लीसरी नियर राजधानी गैस नैराव्यूपाली भुवनेश्वर (उड़ीसा) | |
| 44 | कलकत्ता | पाय0 गौर मोहन कपूर | संदरसन इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0, 240 बी0 एजेंसी रोड कलकत्ता-70020 | |
| 183 | रामपुर | पाय0 राजीव अग्रवाल | 15 आदर्श कालोनी, न्यू अरबन कॉर्पो0 बैंक सिविल लाइन, रामपुर | |
| 260 | चन्दौसी | पाय0 अंजनी गोयल | फरूखावादी बाजार, आर्य ट्रेडिंग कम्पनी, चन्दौसी (मुरादाबाद) | |
| 262 | दुबई | पाय0 कपिल मेहरोत्रा | पो.बाक्स 11379, यूएई, दुबई | |
| 46 | लंदन | मनोज अग्रवाल | यू0के0 साफ्टिक ग्लोबल हाउस लंदन रोड, अलबोराइन बीएन 6-09 लंदन | |

# इन्टरनेशनल पायनियर क्लब, मुरादाबाद शाखा

दिनांक 27 सितम्बर 2008 को मुरादाबाद शाखा की सितम्बर माह और सत्र 2007-08 की अंतिम सभा 'मैसोनिक लॉज' में रात्रि 8:30 बजे प्रारम्भ हुई। सर्वप्रथम शाखा एवं सभा के अध्यक्ष पाय0 अंशुल शर्मा को उनके दीर्घ एवं अच्छे स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनायें दी गयी। सभा की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी सदस्यों को वर्ष भर में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और इसी प्रकार अगले सत्र में आने वाली नई कार्यकारिणी को भी सहयोग प्रदान करने का आवाह्न किया। आज की सभा का संयोजक पाय0 अरविन्द अग्रवाल एवं श्रीमती पारूल अग्रवाल को बनाया गया था। अग्रवाल दम्पत्ति द्वारा सभा का संचालन करते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं मनोरंजक खेल कराकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रश्नोत्तरी में सभी पुरूष एवं महिला सदस्यों को पीछे छोड़ते हुए श्रीमती ग्रोवर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि दम्पत्ति द्वारा ताश गेम में श्री एसजी अरोरा ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त हाऊजी में प्रथम आऊस श्री जेके बाली द्वारा जीता गया।

क्लब की परम्परा के अनुसार माह में जिस किसी सदस्य की विवाह वर्षगांठ होती है, उस दम्पत्ति को 'उपहार' के साथ-साथ पूरा सदन उठकर शुभकामनाऐं देता है, उसी क्रम में इस माह की सभा में पाय0 एमसी गुप्ता, पाय0 प्रमोद ग्रोवर, पाय0 चरनजीत सेठी एवं पाय0 जेके बाली को उपहार के साथ-साथ शुभकामनाऐं देकर सम्मानित किया गया।

तद्उपरान्त जोन चेयरमैन पाय0 एलसी अरोरा द्वारा क्लब के 39वें राष्ट्रीय अधिवेशन जो कि 20-21 सितम्बर को वृन्दावन में सम्पन्न हुआ था के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयों एवं कार्यवाही के बारे में विस्तार से सदस्यों को अवगत कराया। सर्वप्रथम जोन चेयरमैन द्वारा अपने सम्बोधन में क्लब की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले 12 सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मुरादाबाद शाखा द्वारा 'सर्वाधिक क्रियाशील शाखा' का पुरस्कार जीतने पर सभी सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं अगले वर्ष इस पुरस्कार के अतिरिक्त 'बेस्ट शाखा' का पुरस्कार जीतने का संकल्प लिया गया। नयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पाय0 एलसी अरोरा को पुनः जोन चेयरमैन एवं पाय0 एससी अरोरा को 'पायनियर यूथ क्लब' का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया गया।

पाय0 केशव शिवहरे पाय0 संतोष मेहरोत्रा, पाय0 बीडी पाण्डे को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तथा पाय0 केपी सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर बधाई दी गई। आगामी सत्र हेतु कार्यकारिणी के गठन के लिए शीघ्र ही बैठक बुलाकर, नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया सम्पन्न कराने पर बल दिया गया। सभा के अंत में सभी विजेता सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं इस माह भी गत सभाओं की भांति 'समयबद्धता' पुरस्कार पाय0 राजीव भारद्वाज को मिला। क्लब सचिव पाय0 सुबोध भारद्वाज द्वारा आज की सभा के संयोजक दम्पत्ति को उपहार के साथ-साथ धन्यवाद देकर सभा समाप्ति की घोषणा की। अंत में राष्ट्रीय गान के उपरान्त सभी सदस्यों ने भोजन का आनन्द लिया।

सभा में सर्वश्री पाय0 प्रमोद ग्रोवर, अरविन्द अग्रवाल, अंशुल शर्मा, एलसी अरोरा, मुकेश लालवानी, जेके बाली एससी अरोरा, राजीव भारद्वाज, चरनजीत सेठी एवं अनिल गोयल व योगेश रस्तौगी आदि उपस्थित थे।

*सुबोध भारद्वाज, सचिव*

## आमंत्रण

इण्टरनेशनल पायनियर्स अध्यक्ष पाय. अंशुल शर्मा एवं इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब मुरादाबाद के समस्त सदस्य नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष पाय. एस.सी. अरोरा एवं उनकी कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि पाय. संतोष कुमार मेहरोत्रा (राष्ट्रीय महासचिव) द्वारा अधिष्ठापित करने हेतु आयोजित क्लब के

**पंचम अधिष्ठापन समारोह**

में आपको सादर आमंत्रित करते हैं। कृपया शनिवार 18 अक्टूबर, 2008 को रात्रि 8.00 बजे मैसोनिक लॉज, मुरादाबाद में अपनी गरिमामयी उपस्थिति द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें और सभा उपरान्त रात्रिभोज में सम्मिलित होकर गरिमा प्रदान करें।

एच. एम. धवन (पायनियर्स पिन लगाकर आना अनिवार्य है) पाय.सुबोध भारद्वाज

सचिव (2008-09) समयबद्धता : 8.15 बजे तक सचिव (2007-08)

# पायनियर्स साहित्य एवं ललित कला मंच, हापुड़

## रिपोर्ट मासिक बैठक-अक्टूबर 2008

पायनियर्स साहित्य एवं ललित कला मंच, हापुड़ की एक बैठक दि0 12.10.2008 को हुई। विजयादशमी का त्यौहार जोकि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था। इन दिनों में पूरा देश राममय हो जाता है, इसलिये हमने भी अपनी इस मिटिंग को 'एक शाम, अपने प्रभु के नाम' से मनाकर अपने ईष्टदेव भगवान श्रीरामचन्द्र जी को याद किया। इस मिटिंग के आयोजक श्री अजय बंसल व श्रीमती रजनी बंसल थे।

बैठक के प्रारम्भ में क्लब के सचिव पायनियर महावीर वर्मा 'मधुर' ने पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई और दि0 20.9.2008 को वृन्दावन में हुये 39वें राष्ट्रीय सम्मेलन का ब्यौरा दिया और नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे तथा अन्य पदाधिकारियों की सूची पढ़कर सुनाई। इससके अतिरिक्त अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे जी का पत्र दि0 20.9.2008 ''कार्ययोजना (सत्र 2008-09)'' भी पढ़कर सुनाया गया। नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को हमारी संस्था की ओर से शुभकामनाऐं प्रेषित की और करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। इस रिपोर्ट द्वारा वह शुभकामनाऐं मैं सभी नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों को प्रेषित करता हूँ।

इसके पश्चात् यह बैठक भगवान श्रीरामचन्द्र जी के चरणों में समर्पित करते हुए एक प्रतियोगिता रखी, जिसमें सुन्दरकाण्ड की चौपाईयों का सस्वर पाठ करना था। यह प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला दोनों के लिये सम्मिलित रूप से थी। इसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरे वातावरण को धार्मिक रंग से ओतप्रोत कर दिया। इस प्रतियोगिता में क्लब के सचिव महावीर वर्मा 'मधुर' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

फिल्मी गीतों पर आधारित एक अन्यय प्रतियोगिता में श्री अनिल वाजपेयी ने बाजी मारी। बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता में कु0 अदिती वाजपेयी प्रथम रही। महिलाओं में राजकुमारी वर्मा ने ईनाम जीता। समयबद्ध उपस्थिति का इनाम श्रीमती पूजा महेश ने तीसरी बार जीत कर हैट्रिक बनाई। प्रतिभावान बालक अनमोल सूरी ने एक फिल्मी गीत सुनाकर समां बांध दिया। अन्त में क्लब के अध्यक्ष श्री अविनाश बब्बर ने सभी विजेताओं को पारितोषित दिये। सभी सदस्यों को 39वें राष्ट्रीय सम्मेलन के बैज स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किये गये।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे पंजाब नैशनल बैंक के प्रबंधक श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता एवं श्रीमती शशी गुप्ता पधारे थे। इसके अतिरिक्त सर्वश्री विकास अग्रवाल, ललित अग्रवाल, आनन्द सिंहल, मनोज जी0एम0, मनोज अग्रवाल, प्रदीप, महेश व राकेश कुमार भी उपस्थित थे। हमारे सभी पायनियर साथी सर्व श्री बिशन सक्सेना, प्रदीप सिंहल, डा0 राजेश्वर सिंह, नरेन्द कुमार गर्ग, सुनील शर्मा तथा महिलाओं में श्रीमती मधु वर्मा, अनिता सिंहल, आराधना वाजपेयी, मिथलेश गर्ग, मीनू अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, शालू गोयल, नीरज त्यागी व मनोरमा सिंहल भी मौजूद थी।

अमित कुमार वर्मा, सुमित कुमार, संजीव बब्बर, विशू व हर्षिता वर्मा का सहयोग रहा। मेजबान श्री अजय बंसल व श्रीमती रजनी बंसल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

*सचिव-महावीर वर्मा 'मधुर'*

# पायनियर्स आस्था, हापुड़ दीपावली मिलन समारोह

पायनियर्स आस्था क्लब, हापुड़ ने दिनांक 11.10.2008 को दीपावली-मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। इसमें वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और आपसी भाईचारा बढ़ाने पर बल दिया। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित करके साभी सदस्यों ने भरपूर मनोरंजन किया। सामान्य ज्ञान की महिला प्रतिगिता में श्रीमती आराधना वाजपेयी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरूषों के गेम (काउण्ट फिगर्स एण्ड राईट) में अदिति वाजपेयी प्रथम रही। युगल जोड़ी गेम में श्री अतुल शर्मा एवं श्रीमती ममता शर्मा न सबको पछाड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं समयबद्ध उपस्थिति में श्री अनिल वाजपेयी प्रथम रहे। इस सभा का आयोजन श्री ललित गोयल एवं श्रीमती शालू गोयल ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष श्री सुधीर अग्रवाल, मैक्स इंश्योरेंस के मैनेजर श्री विकास अग्रवाल, डा0 रविन्द्र गुप्ता एवं श्री अजय कुमार थे।

सभा में सभी पायनियर साथी श्री अनिल वाजपेयी एवं आराधना वाजपेयी, श्री मनोज कर्णवाल एवं पूनम कर्णवाल, श्री अतुल शर्मा एवं ममता शर्मा, श्री अरूण यादव एवं दीप्ती यादव, श्री राजीव अग्रवाल, श्री सचिन जिन्दल एवं शालू जिन्दल, श्री अशोक अग्रवाल एवं मीना अग्रवाल, एवं मोना अग्रवाल, श्री अनिल सिवाल एवं प्रेरणा सिवाल, श्री अवधेश पचौरी एवं गीतिका पचौरी, श्री सुनील गोयल एंव रूचि गोयल, श्री लोकेश जिन्दल, श्री सनी जैन एवं श्री प्रमोद अग्रवाल उपस्थित थे।

*पाय0 अनिल वाजपेयी*

# विश्व पशु दिवस पर गोष्ठी

आज दिनांक 3 अक्टूबर 2008 को अपराह्न 3.00 बजे पायनियर्स होम्योपैथिक औषधालय में कार्यक्रम संयोजक डा0 केसी जोशी के नेतृत्व में गोष्ठी का आयोजन हुआ। सभा में विश्व पशु दिवस के उपलक्ष्य में पशुओं की वर्तमान दशा पर चिन्तन किया गया। सभा की अध्यक्षता रामनगर पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष पाय0 संतोष मेहरोत्रा ने की।

पाय0 डा0 केसी जोशी ने कहा कि पशुओं की दुर्दशा के लिए हम सदैव जिम्मेदार है। वैसे तो डारविन की थ्योरी के अनुसार Surrival of fittest के हिसाब से यदि पशु कम हों तो ठीक है किन्तु जानबूझ कर हम वध करें यह ठीक नहीं। दुधारू पशु तो माँ से भी अधिक महत्वपूर्ण है। पहले तो दुधारू पशु यदि दूध देना बंद कर देता था तो लोग अंत समय तक भी उसे चारा देते थे। किन्तु अब हम कम पैसों में भी लालच में आ गये। पाश्चात्य देशों ने मांस के दाम बढ़ा दिये। इससे लोग अपने जानवर बेच रहें हैं। इस प्रवृत्ति को रोकना होगा। हम दया भाव लाकर उनका संरक्षण करें। हमारी आने वाली पीढ़ी अन्यथा दूध से वंचित रह जायेगी। अत: संचार माध्यम, अखबार, पत्रिका, टीवी आदि के माध्यम से जागृति लायी जाये।

पाय0 संतोष मेहरोत्रा ने कहा कि पालतू पशु से प्रेम हो जाता था। अत: इनका वध तो क्रूरता है। गाय, भैंसों के लिए संरक्षण व्यवस्था हो। सरकार की उपरोक्त बिन्दुओं पर ध्यान देकर कार्यवाही करें। हम कुत्ते को पालने पर तो प्यार कर उसे घर के सदस्य का जैसा व्यवहार करते हैं। किन्तु दुधारू पशुओं के प्रति भी वैसा व्यवहार रखें तथा दूध न देने पर उन्हें न बेचे।

पाय0 जीएस अधिकारी जी ने कहा मैं डा0 जोशी जी के विचारों से अवगत व सहमत हूँ। मेरे क्षेत्र में दूध अत्यधिक होता है। किन्तु दूध वालों का शोषण हो रहा है। विश्व हिन्दू परिषद के सहयोग से हमने 2 ट्रक गाय पकड़वायी। किन्तु इसका कोई लाभ नहीं हुआ। हमारे समाज के ही लोग इस कुकृत्य में शामिल हैं। प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। अब तो गौमूत्र भी 2 रु0 लीटर में बिकता है। हम मन से वच से कर्म से समरूप नहीं है। समाज में अनुपयोगी जानवरों के रखने की भी कुछ व्यवस्था हो।

पाय0 बीडी पाण्डे जी ने कहा अब चारागाह कम हो गये हैं। जंगलों में चीड़ लग गया है। जिससे घास नहीं हो पाती। अत: पहाड़ में चारे की समस्या है। अत: लोग कम दूध के जानवर बेच रहे हैं। बुरांस आदि के पेड़ लगें जिससे जल के साथ-साथ चारे में भी वृद्धि होगी। चीड़ जल को सोख लेता है। लोगों के पीने को पानी नहीं तो पशु पालन कैसे संभव है।

पाय0 पुनीत शर्मा ने कहा कि कम दूध के जानवरों को विदेशी आर्डर पर काटा जा रहा है। विदेशों में खाद्यान्न संकट के कारण मांस का प्रयोग बढ़ा है। अत: विदेशों में मांस के दामों में वृद्धि हुई है। अत: कम दूध के या बिना दूध के जानवरो का वध हो रहा है। अत: प्रशासन तुरंत कदम उठाकर इसे रोके। सभा में पाय0 प[illegible] बंसल व पाय0 सोमेश शर्मा आदि ने विचार रखे तथा माननीय एसडीएम, महोदय के कार्यालय में जाकर वार्ता कर ज्ञापन सौंपा।

माननीय एसडीएम महोदय को सभी सभा सदस्यों ने ज्ञापन प्रस्तुत करा तथा एसडीएम महोदय ने ज्ञापन को माननीय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तक पहुंचाने तथा यथायोग्य कार्यवाही का आश्वासन दिया।

एसडीएम के मार्फत से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन रामनगर पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा के नेतृत्व, डा0 केसी जोशी के संयोजकत्व में निम्न ज्ञापन भारत के प्रधानमंत्री एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री को भेजा गया। उनके साथ पाय0 गोविन्द सिंह अधिकारी, डा0 अनुराग कुमार, पाय0 पंकज बंसल थे।

# रामनवमी की शुभकामनायें

**दिनांक 8 अक्टूबर 2008, रामनगर।** पाय0 बीडी पांडे जी ने समस्त लोगों को रामनवमी के शुभ पर्व पर शुभकामनाऐं दी तथा दशहरे की शुभकामनाऐं भी दी और प्रार्थना की कि सत्य की असत्य पर सदैव विजय हो। जनता भी सदैव सत्य का पूजन करें।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पाय0 बीडी पांडे ने समस्त लोगों को रामनवमी के शुभ अवसर पर माता दुर्गा के पूजन का महत्व बताया। माता दुर्गा के नौ रूप हैं तथा इन सभी रूपों का प्रतिदिन एक-एक करके पूजन किया जाता है। माता दुर्गा के भक्त इसे वार्षिक महोत्सव के रूप में मनाते हैं।

सचिव पाय0 पुनीत शर्मा ने कहा कि माता दुर्गा का यह महोत्सव समस्त नौ दिन तक चलता है। आज पूजन का अंतिम दिन है। कल दशमी अर्थात् दशहरे के दिन दुर्गा विसर्जन होता है। कलकत्ता में यह अत्यधिक हर्षोल्लास से मनाते हैं। क्रमश: नौ देवियां, शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, रठी, चंद्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनि, काल रात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री के रूपों को प्रतिदिन पूजा जाता है। माता दुर्गा के यह रूप अखण्ड शक्ति के प्रतीक माने जाते हैं। पाय0 पंकज बंसल ने समस्त लोगों को इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाऐं प्रेषित की।

इस अवसर पर पाय0 विपिन अग्रवाल, पाय0 सलिल गुप्ता आदि ने अपने विचार रखे तथा समस्त समाज को सौहार्द के साथ इस पावन पर्व को मनाने का संदेश दिया।

सभा की अध्यक्षता रामनगर पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष पाय0 संतोष मेहरोत्रा ने की।

# पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस

पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा 27 सितम्बर 2008 विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर एक सभा का आयोजन पायनियर हौम्योपैथिक अस्पताल में किया गया। जिसमें क्लब के पदाधिकारियों ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। सभा का संचालन सचिव पाय0 पुनीत शर्मा ने किया। सभा आरंभ में अध्यक्ष श्री संतोष कुमार मेहरोत्रा ने सभी का अभिवादन किया तथा विचार मंथन हेतु सर्वप्रथम पूर्व राज्य मंत्री पाय0 डा0 धनेश्वरी घिल्डियाल को आमंत्रित किया। पाय0 घिल्डियाल ने कहा कि पर्यटन के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का संरक्षण भी आवश्यक है। इसे ध्यान में रखकर भारत विश्व के मानचित्र में अपना नाम रोशन कर सकता है। पाय0 डा0 केसी जोशी ने कहा कि हमें पर्यटन का अर्थ जानना आवश्यक है यह ऐसी क्रिया है जिससे हम सप्ताह के एक दिन को पर्यटन के नाम पर देकर सम्पूर्ण सप्ताह ऊर्जा से भर लेते हैं। हमारी दिनचर्या उत्साहपूर्ण हो जाती है। पर्यटन को भारतीय परिप्रेक्ष्य में तीर्थाटन से भी जोड़कर देख सकते हैं। पाय0 बीडी पाण्डे ने कहा कि रामनगर में कार्बेट नेशनल पार्क व गर्जिया मंदिर जैसे स्थल हैं। पा0 संतोष मेहरोत्रा ने कहा कि पर्यटन को पायनियर क्लब के माध्यम से भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

पाय0 पुनीत शर्मा ने इस अवसर पर सभी को धन्यवाद दिया तथा सभा के समापन पर राष्ट्रगान हुआ। साथ ही पाय0 डा0 केके अग्रवाल, पाय0 पंकज बंसल, पाय0 एचसी घिल्डियाल, पाय0 राजा चड्ढा, पाय0 राजेश मित्तल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# आपके पत्र

*मान्नीय संतोष कुमार मेहरोत्रा जी*
*संस्थापक एवं राष्ट्रीय महासचिव*
*इण्टरनेशनल पायनियर्स, रामनगर (नैनीताल)*

*महोदय,*

*सहर्ष अभिवादन प्रस्तुत करना चाहते हैं कि आपके अथक प्रयासों से 39वां राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 20.9.2008 से 20.9.2008 को 'श्रीकृष्ण सुदामा धाम' वृन्दावन (मथुरा) में सफल तौर पर सम्पन्न हुआ। इण्टरनेशनल पायनियर्स गाजियाबाद आपको साधुवाद एवं कुशल समाज सेवक की संज्ञा से नवाजता है। आपके द्वारा निर्विरोध पुनः पाय0 केशव शिवहरे को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने पर भी हम आपको कुशल प्रशासक की संज्ञा से नवाजते है। संस्था की बागडोर आपने अपनी बुद्धिमता से कुशल नेतृत्व में सौंपी है। आशा करते हैं कि इण्टरनेशनल पायनियर्स अपने लक्ष्य पर अग्रसर होगा तथा 'वासुधैव कुटुम्बकम' के अपने संकल्प को पूर्ण करेगा। नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी आपके दिशा निर्देश में आपके सपने को साकार करगी ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है। इण्टरनेशनल पायनियर्स गाजियाबाद आपका अभिवादन करता है, स्वागत करता है एवं आपको धन्यवाद देता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय0 के0पी0 शिवहरे जी को भी सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने एवं सफल संचालन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।*

*भवदीय*
**पाय0 के0 पी0 सिंह**
*अध्यक्ष*
*इण्टरनेशनल पायनियर्स, गाजियाबाद*
*09810198281*

## ज्ञापन

*सेवा में,*
*श्रीमान् जिलाधिकारी महोदय*
*पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)*

*विषय : श्रीमती विद्या देवी के आवास विगत 19, 20 सितम्बर को अतिवृष्टि एवं आंधी से ध्वस्त होना।*

*महोदय,*

*सविनय निवेदन इस प्रकार से है कि ग्राम उठिंडागाँव, पोस्ट नैनीडांडा, तहसील धुमाकोट वासी श्रीमती विद्या देवी पत्नी स्व0 श्री सतेन्द्र का मकान दिनांक 19, 20 सितम्बर को हुए अतिवृष्टि एवं आंधी से ध्वस्त हो चुका है।*

*श्रीमती विद्या देवी गरीब, विधवा एवं अनुसूचित जाति की महिला है। इनके दो बालक विद्यार्थी है। घर में कमाने वाला कोई नहीं है। इनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है।*

*अतः इनको शासन से आर्थिक मदद प्रदान कर इनको आवास पुर्ननिर्माण हेतु अनुदान दिया जाय। इण्टरनेशनल पायनियर्स इकाई नैनीडांडा इस हेतु अपनी प्रबल संस्तुति करती है।*

**पाय0 शीशपाल सिंह आर्य**
*संयोजक, पायनियर क्लब, नैनीडांडा*
*ग्राम उठिंडागांव, पोस्ट-नैनीडांडा*
*(पौड़ी गढ़वाल) उत्तराखण्ड*

Shri Rakesh Kapoor


समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL-01/03


# इन्टरनेशनल पायनियर्स

निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था

प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड


सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72


## ज्ञापन

सेवा में,

श्रीमान् प्रधानमंत्री महोदय, भारत सरकार।

श्रीमान् मुख्यमंत्री महोदय, उत्तराखण्ड सरकार।

द्वारा : एस0डी0एम0 महोदय, रामनगर।

विषय : दुधारू पशुओं का वध रोकने के संबंध में।

महोदय,

समाजसेवा के लिये विश्वविख्यात पायनियर्स क्लब, रामनगर में आज दिनांक 3 अक्टूबर 2008 को विश्व पशु दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन पायनियर्स धर्मार्थ अस्पताल में किया, जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित तथ्यों को आपके संज्ञान में लाना आवश्यक समझा गया।

1. वन्य पशुओं का वन तस्करों द्वारा हो रहा अवैध वध रोकने हेतु पृथक विभाग बनाया जाये, जिसका कार्य मात्र वन्य जीवों के शिकार को रोकना हो।

2. दुधारू पशुओं का संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि विश्व के समस्त देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं ऐसे में मासाहार का प्रचलन बढ़ गया है। मांस की अधिक उपलब्धता हेतु पश्चात्य देश भारत से ऊँचे मूल्य में मांस खरीद रहे हैं, जिसका असर भोले-भाले ग्रामीण के लालच में अपने कम दूध वाले पशु या बिना दूध वाले पशु तुरन्त बेच रहे हैं। जिससे पर्याप्त वर्षा के कारण उत्तम चारा व घास उपलब्ध होने के बावजूद भी दुग्ध उत्पादन लगातार घट रहा है, जिसके कारण सिंथेटिक दूध कारोबार जोरदार तरीके से फल-फूल रहा है तथा स्वास्थ्य के लिए घातक होने के बावजूद भी जनता इसे पीने पर मजबूर है। अतः सरकार अभियान चलाकर पशु-पालकों को अनुदान आदि देकर व प्रचार करके पशुओं की बिक्री को हतोत्साहित करे तथा अधिक पशु पालने पर जोर दें साथ ही सिन्थेटिक दूध पर दण्डात्मक कार्यवाही करें।

उपरोक्त बिन्दुओं पर आशा है कि महोदय अवश्य ध्यान देंगे तथा शीघ्र कदम उठायेंगे।

निवेदक : समस्त पायनियर्स परिवार, रामनगर (नैनीताल)


Satish Agarwal
Rahul Agarwal

Mobile :
9927072840
9837072840

**J.N. POLY FAB**

Manufacture of :
- H.D.P.E. / P.P.
- Plastic Woven
- Bags/Sacks

Regd. Off. :
47, Meenakshi Road, (Kaliwala Oil Mill)
HAPUR-245101 (Ghaziabad) U.P.
Tel. : 0122-2333224, 2333279

Resi : 63, Panna Puri, (Kaliwala House, Garh Road, Hapur-245101



भारत का अन्तर्राष्ट्रीय क्लब

प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें

विश्व बन्धुत्व, वसुधैव कुटुम्बकम् के अन्तर्गत नेतृत्व के उचित अवसर पारिवारिक मनोरजंन फैलोशिप, निःस्वार्थ समाज सेवा

रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968 ☎ : 05947-252841
मो0 : 9897122394

इन्टरनेशनल पायनियर्स

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com
website : www.internationalpioneers.org
राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड



सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।